बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं० – 03/2015 के अन्तर्गत लेखा पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर्गत सामान्य अध्ययन विषय की परीक्षा दिनांक 25.09.2016 को पटना अवस्थित 25 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी, जिसमें सम्बन्धित विषय के प्रश्न वस्तुनिष्ठ थे। उक्त विषय की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला 'A', 'B', 'C' एवं 'D' तथा प्राश्निकों द्वारा उपलब्ध कराये गये सभी प्रश्नों के उत्तर दिनांक 06.10.2016 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को उक्त विषय के किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के संबंध में प्राश्निक (Setter) द्वारा उपलब्ध कराये गये उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो वे इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गये आपत्ति प्रपत्र (विज्ञापन संख्या, नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ) में अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे कि वह दिनांक 21.10.2016 की संध्या 5.00 बजे तक बिहार लोक सेवा आयोग में प्राप्त हो जाए। **लिफाफा पर परीक्षा का नाम एवं विज्ञापन संख्या अवश्य लिखें।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

प्राश्निक (Setter) द्वारा उपलब्ध कराये गये उत्तर पूर्णतः औपबंधिक (Provisional) हैं। उपर्युक्त निर्धारित तिथि तक आपत्तिकर्त्ताओं से प्राप्त आपत्ति की गहन समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जायेगी और गहन समीक्षोपरान्त सभी प्रश्नों का अन्तिम आदर्श उत्तर तैयार किया जायेगा। विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार किये गये उस अन्तिम आदर्श उत्तर के आधार पर ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन किया जायेगा।

आपत्ति प्रपत्र

लेखा पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 03/2015)

अनुक्रमांक .... नाम .... प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला ....

क्र०सं०	प्रश्न संख्या	प्राश्निक का उत्तर	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का आधार/स्त्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर (तिथि सहित)
उम्मीदवार का दूरभाष/मोबाइल सं०–

5/10/2016

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना